Need to provide adequate funds for implementation of Jal Jeevan Scheme in Amravati district, Maharashtra.-laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(अमरावती) :** "हर घर जल" का नारा देते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की थी । इस योजना का उद्देश्य था ? ग्रामीण भारत के प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से शुद्ध और स्वच्छ पेयजल पहुँचाना । इस योजना के लिए केंद्र और राज्य सरकार की 50-50 प्रतिशत भागीदारी तय की गई थी । प्रारंभ में इस मिशन को भरपूर निधि मिली, जिससे कार्यों को गति प्राप्त हुई । मेरे अमरावती जिले में कुल 666 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई थीं, जिनमें से 558 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं । जिला परिषद के माध्यम से यह कार्य व्यापक स्तर पर चलाया गया । इस योजना के लिए 262 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया था । वर्ष 2019 से कार्य की शुरुआत हुई और केंद्र व राज्य से नियमित रूप से निधि प्राप्त हो रही थी । लेकिन, पिछले लगभग एक वर्ष से केंद्र सरकार द्वारा निधि देना पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, जिससे न केवल अमरावती बल्कि पूरे राज्य में जल जीवन मिशन की अधिकांश योजनाएं अधूरी और ठप्प पड़ी हैं । मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अमरावती जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए ।